## एक नजर में

### सेवा वही सार्थक होगी, जिसमें कल्याण का भाव हो



इंदौर. भगवान का कोई भी सखा कभी गरीब नहीं रह सकता. भक्ति और धर्म एकदूसरे के पूरक और पर्याय हैं भक्ति और सेवा वही सार्थक होगी, जिसमें सबके कल्याण और भले का भाव हो. जिस भक्ति या सेवा में लोक कल्याण का भाव नहीं होता, वह प्रकल्प पाप कर्म की श्रेणी में माना जाता है. ये विचार हैं भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के, जो उन्होंने सत्राक्षी भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गत 17 मई से खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण सुदामा मैत्री एवं भगवान पूजन प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में कृष्ण सुदामा मैत्री का भावपूर्ण उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. मातृशक्ति ने नाचते-गाते हुए मित्रता के इस भावपूर्ण प्रसंग को आत्मसात किया. शुभारम्भ के पूर्व मनोरथी समूह की ओर से अशोक-आरती खंडेलवाल, आशीष-खनक शर्मा, हितेंद्र-वन्दना ग्रोवर, एवं स्वप्न-स्वाति खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी महेंद्र-दिव्या मानधन्या, रामचंद्र-उषा पीतलिया एवं लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो ने की. महापौर परिषद के सदस्य राजेंद्र राठौर, भाजपा नेता हरिनारायण यादव सहित अनेक पार्षद भी इस अवसर पर उपस्थित थे.

### जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन का शपथ समारोह आज



इंदौर. श्वेताम्बर जैन समाज की शीर्ष संस्था जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्विवार्षिक चुनाव में समाजसेवी कमलेश कोठारी राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए है. कोठारी सहित सभी नए पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह 24 मई को सुबह 10.30 बजे से वीआईपी परस्पर नगर, गोपुर चौराहे के पास लता मंगेशकर ऑडिटोरियम पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री तुलसी सिलावट, म.प्र गृह निर्माण मंडल के नवनियुक्त चेयरमैन ओम जैन, उद्योगपति महेश गुप्ता एवं श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी कैलाश नाहर के आतिथ्य एवं फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन की अध्यक्षता में होगा. इस अवसर पर कोठारी के साथ गौतम मूणत कार्याध्यक्ष, अखिल चौधरी चेयरमैन, रितेश कटकानी, सुनील मारवाड़ी, निर्मल पगारिया एवं नीरज जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलेश सामोता, विनोद कुकड़ा तथा संजय जैन उपाध्यक्ष, सुनील तातेड़, पंकज बाफना एवं अशोक मोदी महासचिव, सीए विनोद जैन कोषाध्यक्ष, सुनील मुरडिया, संध्या छाजेड एवं पंकज जैन पोरवाल सचिव तथा संजय जैन प्रचार सचिव भी शपथ ग्रहण करेंगे. फेडरेशन की स्थायी समिति द्वारा सर्वानुमति से लिए गए निर्णय के अनुसार कोठारी अध्यक्ष, नरेन्द्र भंडारी अध्यक्ष इलेक्ट मनोनीत किए गए हैं. राजेंद्र जैन के बताया कि चयन समिति में फेडरेशन के संरक्षक जयसिंह जैन, पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र धाकड़, दिलीप सी जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा एवं सभी पूर्व अध्यक्ष, सर्वश्री प्रकाश भटेवरा, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन, नरेन्द्र संचेती, वीरेन्द्र जैन, संजय नाहर एवं जिनेश्वर जैन उपस्थित थे.

### सही मात्रा में लिया गया आहार ही औषधि



इंदौर. आहार ही आषधि है. यदि उसका हम सही मात्रा और रूप में इस्तेमाल करें. यह बात ईएसआईसी की सीएमओ एवं आयुर्वेद फिजिशियन ने डॉ. रुचि सिंह, कही. वे आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों के बताने के आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी. विशेष रूप से पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया. उन्होंने बताया कि पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है जो मानव पेट के लिए खासकर तेज गर्मी के दौरान चमत्कार कर सकते हैं, गर्म-लहरों और बढ़ते पारा के स्तर की त्वरित आवृत्ति के साथ, गर्मियों के मौसम के दौरान स्वास्थ्य समस्याएं आम हो गई हैं. इस तीव्र मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को देखते लोगों को पुदीना के उपयोग की सलाह देते हैं जो दिन में लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आम गर्मी की बीमारियों के शिकार होते हैं. डाबर पुदीन हरा में पुदीना सत्व मुख्य घटक के रूप में शामिल हैं और अपचन, गैस और पेट में दर्द जैसे पेट की बीमारियों से प्रभावी और तेज राहत देने के लिए जाना जाता है. कार्यक्रम में ब्यास आनंद हेड सीएसआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन ने कहा पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है. गर्मियों के मौसम के दौरान प्रचलित कई बीमारियों को ध्यान में रखते हुए, पुदीन हरा बदहजमी, गैस और एसिडिटी जैसे पेट की समस्याओं के समाधान में मदद करता है.

### गीता भवन में भागवत ज्ञान यज्ञ आज से



इंदौर. पुरुषोत्तम मास के पावन प्रसंग पर श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज के श्रीमुख से मनोरमागंज स्थित गीता भवन के सत्संग सभागृह में 24 मई से प्रारम्भ हो रहे भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में इस बार सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा और ज्ञान यज्ञ में आने वाले भक्तों को कथा के दौरान जल संरक्षण, जूठन नहीं छोड़ने, यातायात नियमों का पालन करने और ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए अपने घर-आंगन में सकोरे सहित दाना-पानी रखने जैसे संकल्प भी दिलाए जाएँगे. 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक चलेगा. कथा में इंदौर की बेटी के नाम से प्रख्यात साध्वी कृष्णानंद के श्रीमुख से प्रतिदिन मधुर भजनों की गंगा भी प्रवाहित होगी. आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल एवं बिनोद-सुनीता अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, राजेश चेलावत एवं श्याम अग्रवाल मोमबत्ती की प्रेरणा से पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है. आयोजन से जुड़े गोविन्द मंगल, राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने बताया कि इस दौरान अनेक महोत्सव भी कथा प्रसंगानुसार मनाए जाएँगे.

### सफल सर्जरी कर महिला के पेट से निकली विशाल गांठ




इंदौर. हाल ही में एक जटिल और दुर्लभ मेडिकल केस का केयर सीएचएल हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जिसने डॉक्टरों के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी थीं. मरीज़ पेट में तेज दर्द और अत्यधिक ब्लीडिंग की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी. शुरुआती जांच में सामने आया कि उसके पेट में फुटबॉल के आकार की विशाल गांठ मौजूद है, जिसे फाइब्रॉइड कहा जाता है. मामले की जटिलता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि मरीज को करीब 4 महीने पहले दिमाग से जुड़ी गंभीर समस्या हो चुकी थी. इसमें न्यूरोलॉजी विभाग से डॉ. मनोरंजन बरनवाल की विशेष निगरानी एवं परामर्श में मरीज का प्रबंधन किया गया. मरीज़ की स्थिति स्थिर होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी की योजना बनाई. सावधानीपूर्वक किए गए ऑपरेशन के दौरान मरीज के पेट से लगभग 2.5 से 3 किलो वजनी फुटबॉल के आकार की विशाल फाइब्रॉइड एवं बच्चादानी को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया. केयर सीएचएल हॉस्पिटल की सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजी लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नीना अग्रवाल, ने कहा यह केस इसलिए चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मरीज़ हाल ही में वीनस हेमोरैजिक इन्फार्क्ट से गुजरी थी और ब्लड थिनर पर थी. ऐसे में सर्जरी का सही समय तय करना सबसे महत्वपूर्ण था और इसके लिए मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के साथ विस्तृत योजना बनाई गई. सही समय पर ऑपरेशन कर लगभग 2.5 से 3 किलो की फुटबॉल के आकार की विशाल गांठ को सुरक्षित तरीके से निकाला गया. फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर है और उसे निगरानी में रखा गया है और इस गांठ और बच्चेदानी को जांच के लिए भेजा गया है. हॉस्पिटल के एचसीओओ मनीष गुप्ता ने कहा इस सफल सर्जरी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि जटिल परिस्थितियों में भी सही रणनीति और विशेषज्ञता से मरीज को सुरक्षित उपचार दिया जा सकता है.

# सड़क निर्माण में बाधक व मलबा तुरंत हटाने के निर्देश

▸ निगम आयुक्त ने मास्टर प्लान सड़कों का किया निरीक्षण




नव भारत न्यूज

**इंदौर. निगम आयुक्त ने शहर की मास्टर प्लान सड़कों और सफाई व्यवस्था का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने सड़क में बाधक हटाने और मलबा तुरंत उठाने के निर्देश दिए. साथ ही शहर के विभिन क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान में कचरा समय पर उठने की व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग करने के आदेश दिए.**

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह शहर की सफाई व्यवस्था एवं मास्टर प्लान की प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया. आयुक्त हाल ही में मास्टर प्लान सड़क निर्माण के तहत बाधक निर्माण हटाने की कार्रवाई करने के बाद विभिन्न मार्गों का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने सड़क से मलबा उठाने, निर्माण कार्यों की प्रगति, यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया. उन्होंने छावनी चौराहा से मधु मिलन चौराहा तक, चंद्रभागा पुल से हरसिद्धि क्षेत्र तक तथा सदर बाजार रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों का मौका मुआयना किया. आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण कार्य तथा कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य तय करें.

**आयुक्त ने कई क्षेत्रों में सुबह की सफाई व्यवस्था देखी**

सफाई व्यवस्थाएं भी देखी: इसके साथ ही निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, रोड सफाई, डिवाइडर एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया गया. विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर सफाई अभियान की व्यवस्थाएं देखी. अधिकारियों समयबद्ध मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

## एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, एयर इंडिया विमान की तीसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग

नवभारत न्यूज

**इंदौर. देवी अहिल्या बाई होल्कर एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम बड़ा हादसा टल गया. दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2592 तकनीकी खराबी के कारण लगातार दो बार लैंड नहीं कर सकी. विमान के लैंडिंग गियर में समस्या आने से पायलट को दोनों बार विमान को वापस हवा में ले जाना पड़ा.**




शाम करीब 4.10 बजे पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को लैंडिंग गियर में खराबी की जानकारी दी, जिसके बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई. सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और एयरपोर्ट प्रशासन की टीमें तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं और सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए. तनावपूर्ण माहौल के बीच पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तीसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा दी. घटना के दौरान एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित रहे. यह विमान बाद में मुंबई रवाना होना था। तकनीकी जांच और सुधार के बाद मुंबई के लिए रवाना हुई.



## अवैध रूप से ले जाई जा रही आरकाट चिरान लकड़ी पकड़ी

▸ वन विभाग की टीम ने छोटा बांगड़दा चौराहे पर की कार्रवाई

इंदौर. वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन को जब्त किया है. कार्रवाई छोटा बांगड़दा चौराहे पर की गई, जहां मुखबिर की सूचना पर वाहन को रोककर जांच की गई. रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि वाहन नम्बर एमपी 09 जीएच 7909 को रोककर तलाशी लेने पर उसमें आरकाट प्रजाति की चिरान लकड़ी भरी पाई गई. पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि वह लकड़ी को धार रोड से सांवेर रोड की ओर ले जा रहा था. जांच के दौरान चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं बता सका. इसके बाद वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया और संबंधित के खिलाफ पीओआर (प्रोटेक्शन ऑफ फॉरेस्ट) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# महिलाओं के समूह ने मेट्रो ट्रेन में की किटी पार्टी

▸ मॉम्स इन मेट्रो' थीम पर हुआ आयोजन




नव भारत न्यूज

इंदौर. मेट्रो में शनिवार को एक महिलाओं के एक समूह ने चलती मेट्रो ट्रेन में किटी पार्टी आयोजित की. गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 के बीच संचालित ट्रेन में 48 महिलाओं ने यात्रा के दौरान संगीत और खेलों के साथ खास अंदाज में समय बिताया.

मेट्रो में सेलिब्रिशन ऑन व्हील योजना के तहत शनिवार को पहली बुकिंग मिली. इसमें महिलाओं के समूह ने किटी पार्टी मनाई. सुखलिया क्षेत्र की महिलाओं के समूह 'हाउस ऑफ क्वींस' ने इस आयोजन को 'मॉम्स इन मेट्रो' थीम पर आयोजित किया. महिलाओं ने मेट्रो कोच को गुब्बारों से सजाया और यात्रा के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया. यात्रा के दौरान संगीत, खेल और हंसी-मजाक का माहौल बना रहा. इंदौर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार मेट्रो कोच को निजी आयोजनों के लिए बुक कराने में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है. निगम को प्रतिदिन 10 के लगभग पूछताछ आ रही हैं. सबसे अधिक मांग जन्मदिन समारोह, किटी पार्टी और प्री-वेडिंग फोटो शूट जैसे आयोजनों के लिए सामने आ रही है.

# बच्चों को मिले श्रेष्ठ संस्कार और सकारात्मक जीवन के सूत्र

▸ 3 दिवसीय संस्कार समर कैंप का हुआ भव्य समापन



**इंदौर. ओम शांति भवन में आयोजित 3 दिवसीय संस्कार समर कैंप का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक प्रेरणादायी एवं संस्कारमय गतिविधियों का आयोजन किया गया**

कैंप में बच्चों को अनुशासन, आंतरिक सुंदरता, एकाग्रता, मोबाइल की लत से मुक्ति, ट्रैफिक नियमों का पालन, परमात्मा से जुड़ाव, राजयोग ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को वैल्यू गेम्स, मनोरंजक गतिविधियों एवं प्रेरणादायी सत्रों के माध्यम से सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया. इस अवसर पर राजयोगिनी बीके आरती दीदी जी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल भौतिक शिक्षा ही नहीं बल्कि नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा की भी आवश्यकता है. संस्कारयुक्त बच्चे ही श्रेष्ठ समाज एवं श्रेष्ठ राष्ट्र की नींव बनते हैं. बीके नारायण भाई ने बच्चों को एकाग्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक चिंतन एवं राजयोग ध्यान से मन स्थिर और शक्तिशाली बनता है. बीके दीपाली दीदी एवं बीके आयुषी दीदी ने बताया कि वास्तविक सुंदरता व्यक्ति के विचारों, संस्कारों और व्यवहार में होती है. सब इंस्पेक्टर राधा जामोद ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों एवं चाइल्ड क्राइम के प्रति जागरूक किया. गुड टच और बैड टच की जानकारी दी.



## आगामी त्योहारों को देखते हुए सदर बाजार पुलिस की कार्रवाई

इंदौर. थाना सदर बाजार क्षेत्र में आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की. शनिवार को थाना स्तर पर गुंडों और निगरानी बदमाशों को थाने बुलाया गया. इस दौरान पुलिस ने 12 गुंडों और 3 निगरानी बदमाशों सहित 15 लोगों को थाने तलब किया. इस दौरान सभी के डोजियर अपडेट कराए और उन्हें रेड व येलो नोटिस जारी कर तामील भी कराया. थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर निगरानी मजबूत करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है. सभी चिन्हित बदमाशों पर सख्त नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को समय रहते रोका जा सके.

## वर्ल्ड हार्ट असेंबली में उठाई हृदय रोगियों की आवाज

इंदौर. हार्ट हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक एवं 33 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक का सामना कर चुके राम खंडेलवाल ने स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में आयोजित वर्ल्ड हार्ट असेंबली में भारत के हृदय रोगी मरीजों का प्रतिनिधित्व कर देश को गौरवान्वित किया. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन, वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन और अन्य वैश्विक संस्थाओं के नेताओं के साथ मंच साझा करते हुए खंडेलवाल ने हृदय रोग रोकथाम, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण जैसे विषयों पर भारत का दृष्टिकोण रखा. राम खंडेलवाल ने अपने अनुभव से बताया कि हार्ट अटैक के बाद मरीज को केवल दवा नहीं, बल्कि भरोसे और मार्गदर्शन की भी जरूरत होती है. इसी सोच के साथ संस्था ने हजारों हृदय रोगी मरीजों को व्हाट्सऐप ग्रुप, मरीज सहायता ग्रुप, डॉक्टरों के साथ वेबिनार और सरल हिंदी में हृदय स्वास्थ्य शिक्षा से जोड़ने का काम किया है. उन्होंने कहा कि हमें बीमारी का इंतजार नहीं करना चाहिए. हृदय रोग की रोकथाम को हर घर तक पहुंचाना होगा. भारत जैसे देशों में केवल अस्पतालों के भरोसे हृदय रोग की चुनौती से नहीं निपटा जा सकता. इसके लिए परिवार, कम्युनिटी ग्रुप और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को साथ लाना जरूरी है.



# सिंहस्थ की परम्परागत भूमि पर नहीं हों अवैध कब्जे

इंदौर. मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार अगले सिंहस्थ मेले की तैयारियों को लेकर बहुत उत्साह और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है लेकिन यह भी देखना पड़ेगा कि परम्परागत मेला स्थल पर हो रहे अवैध कब्जे और अखाड़ों तथा खालसाओं के लिए आरक्षित परम्परागत जमीनों पर पक्के निर्माण कार्य नहीं हो पाएं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं महाकाल के भक्त हैं और उनके नेतृत्व में मेले की दिव्य तैयारियां चल रही है किन्तु ऐसे तत्वों पर रोक लगाने के लिए भी उन्हें उतना ही उत्साह दिखाना होगा।

एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित तपोनिष्ठ संत स्वामी हंसदास की तपोस्थली, प्राचीन हंसदास मठ पर टीला गद्दाचार्य मंगल पीठाधीश्वर स्वामी माधवाचार्य महाराज ने शनिवार को अपनी संत मण्डली के साथ पधारकर महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 श्रीमद भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में शामिल विद्वानों एवं भागवतजी का पूजन करने के पश्चात आयोजित धर्मसभा में उक्त बातें कही. स्वामी माधवाचार्य दाउजी मंदिर डाकोर (गुजरात), हनुमान मंदिर मलाड, मुंबई के भी अधिष्ठाता हैं. उनके साथ महात्यागी बाबा सीताराम दास अयोध्या, दिगम्बर अखाड़े के भक्तिदास महाराज, महंत राजीवलोचन दास, महंत हरिओम दास महाराज, महंत जगदीशदास महाराज, महंत काशीदास महाराज, महंत विशम्भरदास, महंत गरीबदास महाराज एवं महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा भी मौजूद रहे. सभी संतों ने भागवतजी की आरती में भी भाग लिया. विधायक रमेश मेंदोला भी इस अवसर पर विशेषरूप से उपस्थित थे और उन्होंने भी सभी संतों का स्वागत किया।



**संतों का सम्मान**

इकार्यक्रम में श्रद्धा सुमन सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, अशोक गोयल, राजेंद्र सोनी, गोकुल पसारी, संजय सिंघानिया, तथा हंसदास भक्त मंडल सहित अनेक संस्थाओं की ओर से सभी संतों का गरिमापूर्ण सम्मान किया गया. संचालन महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने किया. आभार माना पुजारी अमितदास ने.

**एक नजर में** ▸ हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम पर श्रीराम कथा का शुभारंभ

# भारतीय जनमानस का आदर्श प्रतिबिम्ब है राम कथा

इंदौर. राम कथा से सबसे बड़ी प्रेरणा सत्संग के लिए ही मिलती है. यदि संग श्रेष्ठ हुआ तो जीवन सुधर जाएगा. सत्संग न तो पुरुषार्थ का विषय है, न ही धन और न ही ज्ञान का. सत्संग से मानवत्व और मानवत्व से ही देवत्व का भाव आता है. राम कथा भारतीय जनमानस का आदर्श प्रतिबिम्ब है. राम कथा वह मन्दाकिनी है, जिसका प्रवाह कभी थम नहीं सकता. जन-जन के मन में घर किए बैठी है राम कथा. राम कथा का श्रवण चारों धाम की यात्रा जैसा पुण्य प्रदान करता है.



हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर शनिवार शाम को श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात कथाकार पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य महाराज ने राम कथा के शुभारंभ सत्र में कथा की महिमा बताते हुए उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, डॉ. सुरेश चोपड़ा, विजय सिंह राणा, ललित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल आदि ने पं. श्रीराम प्रपन्नाचार्य के साथ आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत घनश्यामदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ सात दिवसीय इस ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया. अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश अग्रवाल, सीताराम नरेडी, सुधीर मालवीय एवं गुमानसिंह ठाकुर ने किया.

**हनुमत महायज्ञ में समर्पित की गई आहुतियां**

इसके पूर्व आश्रम पर यज्ञाचार्य पं. ललित पाठक के निर्देशन में 51 विद्वानों ने आश्रम परिसर में निर्मित यज्ञशाला में हनुमत महायज्ञ में कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहीं होइ तात तुम पाहीं महामंत्र से विश्व शांति, जन कल्याण एवं परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सदभाव की कामना से आहुतियाँ समर्पित की. आश्रम के महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में अरणि मंथन के साथ जैसे ही अग्नि देवता का प्राकट्य हुआ, यज्ञशाला में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि गुंजायमान होती रही. श्रीराम कथा 29 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक और हनुमत महायज्ञ सुबह 8 से दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा.

## महिलाओं के लिए विशेष इंडस्ट्रियल जोन बनाने की मांग

इंदौर. महिलाओं को आर्थिक और औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सांसद शंकर लालवानी ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने महिलाओं के लिए विशेष इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने और वूमने ग्रोथ हब जैसी अवधारणा को आगे बढ़ाने की मांग की है, ताकि महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल सकें. सांसद लालवानी में इसके लिए इंदौर शहर में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग मुख्यमंत्री से की है ताकि महिला उद्यमियों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है. महिलाओं के उद्योग और उद्यमिता क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विशेष औद्योगिक सुविधाएं और समर्पित विकास मॉडल तैयार किए जाने की आवश्यकता है. उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित वूमन ग्रोथ हब के माध्यम से महिला उद्यमियों को रेडी-टू-यूज इंडस्ट्रियल स्पेस, आवश्यक आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षण और सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है. इससे विशेष रूप से छोटी और मध्यम महिला उद्यमियों को अपना उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे.

